# गौरी पुत्र सूँड़ सूँड़ाला | By Gurmeet , Tripti Shakya |

हे, हम सबका है रखवाला
गौरी पुत्र ये सूँड़ सूँड़ाला
खोले किस्मत का ताला
भोले पार्वती का लाला
इसका दर्शन जो करले
इसका वंदन जो कर ले
उसके हर दु:ख कट जाएँगे

जबसे मन मंदिर में मैंने
तेरी ज्योत जलाई
मेरी अँधियारे जीवन में
खुशियाँ सारी छाई
भेद भाव सब दूर हुए हैं
मन में प्यार समाया
अपने लगने लगे सभी जन
गैर का भाव मिटाया
अपने भक्तों का मेरा स्वामी
बना जग में पालनहारा
सूँड़ सूँड़ाला
हम सबका है रखवाला
गौरी पुत्र ये सूँड़ सूँड़ाला
खोले किस्मत का ताला
भोले पार्वती का लाला

काम शुरू करने से पहले
नाम जो तेरा लेता
शुभ के काम सफल करता तू
उसे तरक्की देता
दु:ख दरिद्र मिटाता जिसके
आए जो तेरे द्वारे
भरता है तू उसके स्वामी
दौलत के भंडारे
हम भी आए तेरे द्वारे
जपने तेरे नाम की माल
सूँड़ सूँड़ाला
हम सबका है रखवाला
गौरी पुत्र ये सूँड़ सूँड़ाला
खोले किस्मत का ताला
भोले पार्वती का लाला

अच्छे बुरे करम न देखे
सबको गले लगाता
जो भी सच्चे दिल से स्वामी
मंदिर तेरे आता
प्यार करें हम हर एक जन से
ऐसा हमको वर दो
निंदा नफरत बैर ईर्ष्या

पाप ये सारे हर लो
साहस और संकोच दो हमको
पीएँ सदा हम प्रेम
सूँड़ सूँड़ाला
हम सबका है रखवाला
गौरी पुत्र ये सूँड़ सूँड़ाला
खोले किस्मत का ताला
भोले पार्वती का लाला

तेरी महिमा गाए भक्तजन
और तुझको ही ध्याए
तेरी पूजा करके स्वामी
खुशियाँ सारी पाए
श्रद्धा भक्ति धर कर
हमने तेरा नाम पुकारे
अपने दिल में गणपति तेरी
हरदम छवि उतारे
तेरे नाम का अमृत पीकर
बन जाऊँ तेरा मतवाला
सूँड़ सूँड़ाला
हम सबका है रखवाला
गौरी पुत्र ये सूँड़ सूँड़ाला
खोले किस्मत का ताला
भोले पार्वती का लाला

हे, हम सबका है रखवाला
गौरी पुत्र ये सूँड़ सूँड़ाला
खोले किस्मत का ताला
भोले पार्वती का लाला
इसका दर्शन जो करले
इसका वंदन जो कर ले
उसके हर दु:ख कट जाएँगे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%97%e0%a5%8c%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%aa%e0%a5%81%e0%a4%a4%e0%a5%8d%e0%a4%b0-%e0%a4%b8%e0%a5%82%e0%a4%81%e0%a4%a1%e0%a4%bc-%e0%a4%b8%e0%a5%82%e0%a4%81%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%be%e0%a4%b2/